कार्यालय आयुक्त(अपील्स) / Office of the Commissioner (Appeals)
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर, उत्पाद एव सीमा शुल्क, अपील्स आयुक्तालय जयपुर /CGST, Excise & Customs, Appeals Commisisonerate Jaipur
नव राजस्व भवन, / New Central Revenue Building
स्टेचू सर्किल, सी-स्कीम जयपुर-302005/ Statue Circle, C-Scheme, Jaipur-302005
(E-mail ID – appeal_1@rediffmail.com)

## अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवम् जी.एस.टी. (राजस्थान), जयपुर के साथ दिनांक 10.01.2023 को आयोजित की गयी बैठक के कार्यवृत्त

दिनांक 10.01.2023 को सांय: 11.00 बजे आयुक्त, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर, उत्पाद एव सीमा शुल्क, अपील्स आयुक्तालय जयपुर की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :

| क्र.सं | नाम सर्व श्री/श्रीमती | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | रामजी लाल मीना | आयुक्त (अपील्स आयुक्तालय, जयपुर) |
| 2 | डी.एस.मीना | अपर आयुक्त (अपील्स आयुक्तालय, जयपुर) Liaison Officer, SC/ST/PH/ Ex-Servicemen Employees, जयपुर जोन, जयपुर |
| 2 | बी.एल.मीना | महासचिव, एस.सी./एस.टी. एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, राजस्थान जयपुर |
| 3 | जीवन राम ढाका | अधीक्षक (प्रशासन), अपील्स आयुक्तालय, जयपुर |
| 4 | पियूष राव | निरीक्षक, अपील्स आयुक्तालय, जयपुर (Liaison Officer, SC/ST, अपील्स आयुक्तालय, जयपुर ) |
| 5 | सुशांत त्रिपाठी | निरीक्षक, अपील्स आयुक्तालय, जयपुर |
| 6 | योगेन्द्र कुमार मीना | कर सहायक (सदस्य, एस.सी./एस.टी. एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, राजस्थान जयपुर) |
| 7 | मनीष वर्मा | कर सहायक (सदस्य, एस.सी./एस.टी. एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, राजस्थान जयपुर) |

सर्वप्रथम आयुक्त महोदय के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा इसके बाद आयुक्त महोदय की अनुमति से प्रस्तुत एजेंडा बिन्दुओ पर चर्चा की गयी जिसका विवरण बिन्दुवार निम्नानुसार है :-

1. कार्यालय आदेश, स्थापना आदेश की प्रति पृष्ठांकित करने के संबंध में :- एसोसिएशन से सम्बंधित कार्यालय आदेश, स्थापना आदेश एवम् आयोजन से सम्बंधित सूचना की प्रति पृष्ठांकित कर दी

जाएगी। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय द्वारा जारी सभी आदेश/सूचना आयुक्तालय की विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(कार्यवाई- स्थापना शाखा)

2. LPC में मासिक अंशदान की कटौती के सम्बन्ध में :- LPC में एसोसिएशन की मासिक अंशदान की कटौती के सम्बन्ध में PFMS पोर्टल पर कोई प्रावधान नही है, वैकल्पिक तौर पर आयुक्तालय से स्थानांतरित होते समय SC/ST के अधिकारीयों/कर्मचारियों की LPC के साथ इस अंशदान की कटौती का उल्लेख भविष्य में अलग से कर दिया जायेगा। मासिक अंशदान की कटौती कर्मचारियों की स्वेच्छा से ही की जा सकती है। कर्मचारियों द्वारा कटौती के संबंध में सहमती देने के उपरांत कटौती कर ली जाएगी।

(कार्यवाई- वेतन एवम् लेखा शाखा)

3. सर्विस रिकॉर्ड के सत्यापन के संबंध में :- 20 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके सभी अधिकारीयों एवम् कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड का सत्यापन PAO ऑफिस से करवाने हेतु PAO को पत्र लिखेंगे।

(कार्यवाई- वेतन एवम् लेखा शाखा)

4. APAR में SC/ST अधिकारी के प्रति रवैये के सम्बन्ध में:- चूँकि APAR में इस बाबत पहले से ही उल्लेख है अत: अलग से कार्यालय आदेश जारी करने का औचित्य नही है।

5. Liaison Officer की नियुक्ति के संबंध में:- श्री पियूष राव, निरीक्षक को दिनांक 06.01.2023 को Liaison Officer नियुक्त कर दिया गया था। मीटिंग में विचार विमर्श के बाद ये तय किया गया की Liaison Officer किसी भी एक ग्रुप-A अधिकारी को नियुक्त करना चाहिए। तत्पश्चात ये निर्णय लिया गया की श्री डी.एस. मीना, अपर आयुक्त को Liaison Officer नियुक्त कर दिया जाये।

(कार्यवाई- स्थापना शाखा)

6. Non-Sensitive HOP वाले अधीक्षक एवम् निरीक्षक के पदस्थापना सम्बन्ध में:- मुख्य आयुक्त कार्यालय द्वारा AGT पालिसी के आधार पर इस आयुक्तालय में अधीक्षक एवम् निरीक्षक का पदस्थापन किया जाता है।

7. मंत्रालयिक कैडर में लोकल रोटेशन के संबंध में :- मंत्रालयिक कैडर में लोकल रोटेशन के लिए अलग से पालिसी निर्धारित नही है फिर भी स्थनान्तरण के समय इस बिंदु को ध्यान में रखा जायेगा।

8. बैठक में ड्राफ्ट रिप्लाई एवम् फोल्डर उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में:- बैठक के दौरान ही दिए गये बिन्दुओ पर चर्चा की जा सकती है एवम् चर्चा के उपरांत ही बिन्दुओ का जवाब तैयार किया जा सकता है।

यह कार्यवृत्त आयुक्त महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

16/1/2023

(डी.एस.मीना)

अपर आयुक्त (का. एवम् सत.)

F.No. II-39(1) वि.प्रशा./अपील/जयपुर/2020/Pt-II/157

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. अपर आयुक्त, मुख्य आयुक्त कार्यालय, के.वस्तु एवम् सेवाकर, जयपुर जोन, जयपुर।
2. श्री डी.एस.मीना, Liaison Officer, SC/ST/PH/ Ex-Servicemen Employees, जयपुर जोन, जयपुर।
3. अध्यक्ष/महासचिव, एस.सी./एस.टी. एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, राजस्थान जयपुर।
4. स्थापना शाखा/वेतन शाखा, अपील्स आयुक्तालय, जयपुर।
5. PA, आयुक्त, अपील्स आयुक्तालय, जयपुर।
6. विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

17/01/2023

सहायक आयुक्त (In SITU) (का. एवम् सत.)